प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 28.08.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- भारतीय मानक ब्यूरो ने चांदी की हॉलमार्किंग व्यवस्था का देशभर के 102 जिलों में विस्तार किया– 25 हजार से अधिक कारोबारी पंजीकृत।
- राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर की यात्रा 31 अगस्त तक स्थगित की।
- देश–प्रदेश में रक्षाबंधन पर्व को लेकर हर्षोल्लास–बाडमेर में पेड़ो को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है।
- प्रसिद्ध गोगामेडी मेले की शुरूआत आज से–विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु पहुच रहे है।

0000

भारतीय मानक ब्यूरो–बीआईएस ने चांदी की गुणवत्ता की जांच के लिए देशभर के 102 जिलों में 341 सिल्वर एसेइंग और हॉल–मार्किंग सेंटर्स के साथ हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन–एचयूआईडी आधारित चांदी के हॉल–मार्किंग तंत्र का विस्तार किया है। ब्यूरो त्योहारी सीजन में 25 हजार से ज्यादा चांदी के कारोबारियों को पंजीकृत कर चुका है। पिछले साल एक सितंबर को एचयूआईडी पोर्टल शुरू हुआ था। इसके बाद से 77 लाख से ज्यादा चांदी के आभूषणों पर एचयूआईडी के साथ हॉलमार्किंग की जा चुकी है। हॉलमार्किंग प्रणाली के तहत छह अंकों वाला एचयूआईडी चांदी के आभूषणों व कलाकृतियों की गुणवत्ता तय करता है।

00000

नेपाल में प्राकृतिक आपदा को देखते हुए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत पशुपतिनाथ मंदिर की यात्रा 31 अगस्त तक स्थगित कर दी है। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि नेपाल में मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि विभाग नेपाल के हालात, मौसम और सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रख रहा है। परिस्थितियां सामान्य होने के बाद यात्रा को दोबारा शुरू किया जाएगा। राज्य सरकार ने तीर्थयात्रियों और उनके परिजनों से इस दौरान सहयोग की अपील की है।

000000

फर्जी और बैकडेटेड बीपीएड डिग्री मामले में राजस्थान पुलिस ने मध्यप्रदेश के सीहोर स्थित श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय प्रौद्योगिकी एवं मेडिकल साइंस के कुलपति मुकेश तिवारी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें परीक्षा नियंत्रक संजय राठौड़ और कंप्यूटर ऑपरेटर आनंद शर्मा शामिल हैं।

एसओजी के अनुसार मामला शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा–2022 से जुड़ा है। जांच में एक अभ्यर्थी द्वारा फर्जी बीपीएड डिग्री के आधार पर परीक्षा पास कर सरकारी नौकरी हासिल करने का मामला सामने आया था। जांच के दौरान विश्वविद्यालय के रिकॉर्ड और कंप्यूटर डेटा की पड़ताल में फीस संबंधी अभिलेखों में गंभीर अनियमितताएं मिलीं। वहीं, शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा में इस विश्वविद्यालय की बीपीएड डिग्री प्रस्तुत करने वाले 66 अभ्यर्थी भी जांच के दायरे में आए हैं। एसओजी के महानिरीक्षक अजयपाल लाम्बा ने बताया कि एसओजी द्वारा इनके दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

.....

00000

प्रदेश में स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों को देखते हुए चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है। राज्य में जनवरी से अब तक इन्फ्लुएंजा एच–1 एन–1 के 146 मामले सामने आए हैं। इनमें अगस्त में सबसे अधिक 55 मामले दर्ज किए गए हैं। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बताया कि विभाग की ओर से स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और सभी चिकित्सा संस्थानों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि वर्तमान में एच–1 एन–1 के किसी नए या अधिक घातक स्ट्रेन के प्रसार की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने आमजन से सावधानी

बरतने और फ्लू जैसे लक्षण होने पर चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की है। उन्होंने बिना चिकित्सकीय परामर्श के दवा नहीं लेने की सलाह भी दी है।

00000

रक्षाबंधन का त्योहार आज पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रंग–बिरंगी राखी बांधकर उनकी खुशहाली, सेहत और समृद्धि के लिए प्रार्थना कर रही हैं। इसके बदले में, भाई अपनी बहनों की रक्षा और मदद करने का वादा कर उपहार दे रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रक्षा बंधन पर देशवासियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर अपने संदेश में राष्ट्रपति हर नागरिक से परिवार और समुदायों के बीच रिश्तों को मजबूत करने का संकल्प लेने और इसी भावना के साथ **विकसित भारत** की ओर आगे बढ़ने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन के पर्व की शुभकामनाएं दी है। प्रदेशभर में रक्षाबंधन का उल्लास है। कई स्थानों पर विविध और अनूठे अंदाज में राखी मनायी जा रही है। बाडमेर में कई जगह पेड़ों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति प्रेम का संदेश दिया जा रहा है। पाली में पुलिस की ओर से रक्षा का वचन अभियान के तहत कल कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में हुए इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन सहित पुलिसकर्मियों को राखी बांधी। हनुमानगढ़ में रक्षाबंधन से एक दिन पहले कल चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से 144 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाकर स्वास्थ्य सुरक्षा का उपहार दिया गया। रक्षाबंधन के मद्देनजर राज्य सरकार की ओर से आज और कल महिलाओं के लिए रोडवेज की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई है। वहीं त्योहार के लिए जयपुर से बयाना तक चलने वाली यात्री गाडी को भरतपुर तक चलाया जा रहा है।

0000

हनुमानगढ जिले का प्रसिद्ध गोगामेडी मेला आज से शुरू हो गया है। भादरा तहसील स्थित गोगामेडी में एक महीने तक भरने वाले इस मेले में पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश सहित अनेक राज्य से बडी संख्या में श्रद्धालु पंहुच रहे है। हमारी संवाददाता ने बताया कि जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए है।

.....

इस बीच हनुमानगढ़ के टाउन स्थित गुरूद्वारा शहीद बाबा सुखासिंह–मेहताब सिंह में 10 सितम्बर से सालाना जोड मेला शुरू होगा। मेले को लेकर गुरूद्वारा सहिब में तैयारियां की जा रही है। गुरूद्वारे के मुख्य सेवादार बाबा योगासिंह ने बताया कि मेले से एक दिन पहले 9 सितम्बर को खुले दीवान सजाये जायेंगे।

0000

भारतीय थल सेना अध्यक्ष जनरल धीरज सेठ ने जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस बैठक में अन्य सैन्य अधिकारी मौजूद रहे। जनरल धीरज सेठ ने पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा से भी मुलाकात की। दोनों अधिकारियों के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, खुफिया जानकारी के आदान–प्रदान और संवेदनशील परिस्थितियों में सेना तथा पुलिस के बीच बेहतर समन्वय को लेकर चर्चा हुई। दोनों अधिकारियों ने सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए आपसी संवाद और संयुक्त निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया।

0000